तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 18 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार 9 मार्च 2026

11 आरकेएसडी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लगाया कैंप

12 नप ने चलाया विशेष सफाई अभियान


## खबर संक्षेप

### हुड़दंगबाजी से रोका तो तीन को किया घायल

**जींद।** नरवाना में हुड़दंगबाजी करने से रोका तो आरोपितों ने पथराव के साथ लाठी तथा डंडों से हमला कर तीन लोगों को घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर आठ लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी राजीव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह राकेश तथा प्रवीण अपने मकान के बाहर खड़े थे। उस दौरान मोहल्ले के ही आशु तथा अन्य ने उसके साथ हुड़दंगबाजी कर पथराव किया।

### जेबकतरों ने मोबाइल फोन और नकदी उडाई

**कैथल।** सीवन बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय एक व्यक्ति की जेब से मोबाइल फोन और 25 हजार रुपए नकदी चोरी की ली। मामले में सीवन थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सीवन निवासी जोगी राम ने बताया कि 7 मार्च की सुबह करीब 9:40 बजे वह अपने निजी कार्य से कैथल जाने के लिए सीवन बस स्टैंड पर खड़ा था।

### रसोई गैस के दाम में बढ़ोत्तरी से मचा हाहाकार

**नरवाना।** भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रही रसोई गैस के दामों ने आमजन की आजीविका पर कड़ा प्रहार किया है। अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार ने देश भर में घरेलू खाना पकाने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी की है। इसी तरह व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी 115 रुपये की वृद्धि की गई है।

### मारपीट में पिता पुत्र घायल

**कैथल।** कैथल के गांव तितरम में हुई मारपीट में पिता पुत्र घायल हो गए। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। तितरम के कर्मवीर ने थाना तितरम पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 मार्च को शाम के करीब 7:30 बजे अंकुश ने अपने 5 अन्य साथियों के साथ मिलकर लाठियों से हमला करते हुए उसे तथा उसके बेटे साहिल को घायल कर दिया।

### आहूं में हुई मारपीट में एक घायल

**कैथल।** जिले के गांव आहूं में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव आहूं के अमरजीत ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 मार्च को सागर, पप्पल और रिंकू ने मिलकर मारपीट करते हुए उसे तथा बप्पा को घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

## नाइट्रेट ऑक्साइड के कारण महिलाओं का घुटा दम, उसके बाद आग में झुलसी

# अवैध चल रही फैक्ट्रियां प्रशासन की राडार पर

### फैक्टरी के मुख्य गेट पर ताला न लगा होता तो बच सकती थी जान

*पोटेशियम नाइट्रेट में आग लगने पर निकलता है बहुत तेज रंगीन धुआं, फैक्टरी मालिक मजदूरों का मेहनताना रोक कर रखता था ताकि काम छोड़ भागे नहीं*

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

- जितना पानी डाला उतनी ही तेज फैली आग

सफीदों की गीता कालोनी में अवैध रूप से चल रही रंग फैक्टरी में लगी आग से छह महिलाओं की मौत के बाद अब प्रशासन की राडार पर वो फैक्ट्रियां हैं, जो बिना परमिशन के चल रही है। सबसे ज्यादा उन फैक्ट्रियों पर निशाना साधा जाएगा जो आबादी वाले क्षेत्र में बिना किसी की जानकारी के चोरी छुपे चलाई जा रही हैं। इसके अलावा खूफिया विंगें भी अब इन फैक्ट्रियों की तलाश कर रही हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। वहीं प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अगर रंग फैक्टरी के मुख्य गेट पर ताला न लगा होता तो मजदूरों की जान बच सकती थी। घटना के समय फैक्टरी के मुख्य गेट पर ताला लगा था। जिसके चलते फैक्टरी में मौजूद लोग बाहर नही निकल सके और आग की लपटों का शिकार हो गए। प्रशासन हर तह पर मामले की गंभीरता से जांच कर रहा है।

### छह हजार रुपये महीना प्रति मजदूर को दिया जाता था मेहनताना

सफीदों की गीता कालोनी में रंग की फैक्टरी पिछले डेढ़ साल से चलाई जा रही थी। इसमें 21 लोग काम कर रहे थे। इनमें पांच पुरुष व 15 महिलाएं शामिल थी। यहां काम करने वाले मजदूरों को छह हजार रुपये प्रति महीना मेहनताना दिया जाता था। इसके अलावा फैक्टरी मालिक मजदूरों का मेहनताना रोक कर रखता था ताकि काम छोड़ भागे नहीं। मजबूरी में मजदूरों को काम करना पड़ता था। सुरक्षा मानकों की फैक्टरी में अनदेखी थी। मजदूर सुबह तय समय पर जब फैक्टरी में प्रवेश करते थे तो उसके बाद फैक्टरी के गेट पर ताला लगा दिया जाता था। इसके बाद जब वह दोपहर को भोजन के लिए बाहर आते या फिर शाम को छुट्टी करके आते, उसी समय ताला खोला जाता था। पूरा दिन फैक्टरी को मुख्य गेट के बाहर ताला लगा रहता था। घटना के समय भी फैक्टरी के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था। जब लोगों ने चीख पुकार सुनी और धुआं उठता देखा तो लोग फैक्टरी की तरफ दौड़े। जब उन्होंने गेट पर ताला लगा देखा तो दीवार तोड़ कर वहां से कुछ लोगों को निकला। जब तक फैक्टरी में फंसे लोगों को बाहर निकाला जाता। तब तक मंजर बदल चुका था।


जींद। घटना के बाद फैक्टरी पर लगाया गया ताला।


जींद। मृतकों के शवों का दाह संस्कार करते हुए परिजन।

### फैक्टरी में बनाई जाती थी स्मॉग कैंडल

फैक्टरी में जो स्मॉग कैंडल बनाई जाती थी, उनमें पोटेशियम नाइट्रेट का प्रयोग होता है। आग लगने के बाद इनसे नाइट्रेट आक्साइड गैस निकलती है, जो जहरीली होता है। यह गैस व्यक्ति का दम घोट देती है। इसके अलावा स्मॉग कैंडल बहुत तेज धुआं छोड़ती है, जो दम घोट देता है। आशंका जताई जा रही है कि इसी धुएं से महिलाओं का दम घुट गया और वह गिर गई होंगी। जिस कारण वह आग की चपेट में आ गई। फिलहाल फोरेंसिक टीमें मामले की जांच कर रही हैं। वहीं स्माग कैंडल को बनाने में पोटेशियम नाइट्रेट का इस्तेमाल किया जाता है। इसके जलने से नाइट्रेट आक्साइड गैस बनती है, जो बहुत जहरीली होती है। इसी गैस के कारण अम्लीय वर्षा भी होती है। जब फैक्टरी में आग लगी तो यहां पड़े पोटेशियम नाइट्रेट में भी आग लग गई। आग से झुलसे पवन ने बताया कि उसने पानी की बाल्टी आग पर फेंकी तो आग और भड़क गई। इससे साफ है कि फैक्टरी में पोटेशियम भी शुद्ध मात्रा में था, जिसका यहां प्रयोग किया जा रहा था।


जींद। आग की घटना के बाद फैक्टरी में पडा मलबा। फोटो : हरिभूमि

### फैक्टरी पूरी तरह से अवैध

*जिला फायर सेफ्टी अधिकारी रामेश्वर ने बताया कि फैक्टरी पूरी तरह से अवैध थी। कोई भी फायर एनओसी नहीं ली गई थी। यदि गेट पर ताला नही लगा होता तो जान की हानि नहीं होती। गेट पर लगे ताले ने महिलाओं की जान ले ली। फैक्टरी में मिले मिश्रण की जांच की जा रही है। पाटेशियम ही ऐसा पदार्थ है, जिस पर पानी डालने से ज्यादा आग भड़कती है। जल्द ही जिले में सभी फैक्टरियों में फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच की जाएगी।*

## हैचरी कारोबारी से लाखों ऐंठने का आरोपित पकड़ा

- फर्म का गोपनीय डाटा को कब्जे में रखने तथा बिना काम के वेतन लेने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद


पुलिस गिरफ्त में आरोपित विकास।

सदर थाना सफीदों पुलिस ने हैचरी कारोबारी को ब्लैकमेल कर लाखों रुपये ऐंठने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुरानी अनाज मंडी सफीदों निवासी चरणदास ने गत पांच फरवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया थी कि वह गांव मलिकपुर हैचरी का डायरेक्टर है। उसकी फर्म कृषि उत्पादन में काफी समय से कार्य कर रही है। मानव संसाधन विभाग द्वारा सफीदों निवासी विकास कुमार को प्रशिक्षु नियुक्त किया गया था। जहां उसे संवेदनशील कर्मियों की जानकारी जुटाने तथा अनुशासन बनाए रखने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी। प्रबंधन को शिकायत मिली कि विकास कुमार एचआर से संबंधित कार्यों में अडंगा डाल रहा है। उसकी हरकतो को देखते हुए प्रबंधन ने उसे हटाने का निर्णय लिया। आरोपित ने कर्मियों तथा निदेशकों को धमकाया कि वह दूसरी कंपनियों को जानकारी दे देगा। जिसके चलते उन्हें आरोपित की मांग माननी पड़ी। अपना वेतन भी एक लाख 97 हजार रुपये करवा लिया। आरोपित ने कंपनी का गोपनीय डाटा लेकर कर्मियों को भड़काना शुरू कर दिया। सेवानिवृत होने के बाद भी एक साल तक विकास ने ब्लैकमेल की तीन गुणा वेतन प्रतिमाह वसूला। फिर उसे तथा कर्मियों को फंसाने की धमकी देकर पांच लाख रुपये जबरन वसूले। कंपनी ने परेशान होकर गत तीन दिसंबर को विकास को बर्खास्त कर दिया। जिसके बाद आरोपित कंपनी कार्यालय में आया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर की विकास के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित विकास को गिरफ्तार कर लिया है।

## कार सवारों ने किया फायर, छर्रे लगने से बाइक सवार घायल

- पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार युवकों पर दर्ज किया मामला

**जींद।** गांव बडौदा के निकट बीती देर शाम रंजिश के चलते कुछ युवकों ने बाइक सवार युवक पर फायर। जिसमें युवक छर्रे लगने से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर हमलावर कार से फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बडौदा निवासी जगदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर शाम वह स्कूटी का चार्जर लेने ओवरब्रिज के पास दुकान पर बाइक लेकर गया हुआ था। जब वह दुकान से निकल कर बाइक से घर की तरफ जा रहा था तो उसी दौरान कार सवार युवक आए और चेहरा ढांपे एक युवक ने उस पर फायर कर दिया। निशाना चूक जाने के कारण छर्रे कंधे तथा बाजू में जा लगे। जिस पर बाइक छोड़ कर शोर मचाता हुआ गांव की तरफ दौड़ा। घटना को अंजाम देकर आरोपित कार से फरार हो गए। परिजनों ने उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल उचाना पहुंचाया। घायल जगदीप ने आरोप लगाया कि गांव के सचिन ने अपने साथियों के साथ मिल कर हमला किया है।

## घरौंडा में डॉक्टर से मारपीट की कड़ी निंदा

- चिकित्सक से मारपीट के आरोपित पुलिसकर्मी पर अपराधिक मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने जिला करनाल के घरौंडा में आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात डाक्टर के साथ पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए गए दुव्र्यवहार और मारपीट की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। एसोसिएशन की राज्य प्रधान शर्मिला, वरिष्ठ उप प्रधान सुनील जांगड़ा, महासचिव सहदेव आर्य एवं प्रवक्ता संदीप कुंडू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों व कर्मचारियों के साथ इस प्रकार का दुव्र्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। स्वास्थ्य कर्मचारी दिन-रात आमजन की सेवा में लगे रहते हैं और ऐसे में उनके साथ इस प्रकार की घटनाएं पूरे स्वास्थ्य कर्मचारी वर्ग का मनोबल गिराने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि वे बिना किसी भय के अपनी सेवाएं दे सकें। एसोसिएशन ने हरियाणा सरकार, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं उच्च अधिकारियों से मांग की है कि इस घटना में शामिल दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

## कनाडा से भांजा बोल रहा हूं, झांसे में लेकर 5.20 लाख ठगे

**कैथल।** गांव सिसला के एक व्यक्ति को कनाडा से भांजा बनकर पहले कॉल की और फिर फर्जी रसीद भेज 5.20 लाख रुपये की साइबर ठगी कर ली। ठगी के आरोपियों ने रुपये अलग-अलग खातों और क्यूआर कोड पर ट्रांसफर करवा लिए। मामले साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सिसला निवासी रोहताश ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है और उसका खाता पंजाब नेशनल बैंक में है। 22 जनवरी को उसके पास एक नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को उसका भांजा गौरव बताया और कहा कि वह कनाडा से बोल रहा है। आरोपी ने कहा कि वह उसके खाते में 15 लाख रुपए भेज रहा है और भारत आने पर वापस ले लेगा।

## किसानों को सिखाई आधुनिक आलू खेती

- नई तकनीक अपनाकर बढ़ा सकते हैं किसान अपनी आय

हरिभूमि न्यूज ⏭सीवन


सीवन। कार्यक्रम में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। (फाइल फोटो)।

दक्षिण हरियाणा के नारनौल में आलू उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर व दक्षिण हरियाणा के आलू उत्पादक किसानों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर आधुनिक खेती की नई तकनीकों के बारे में जानकारी हासिल की। नारनौल से लौटकर जानकारी देते हुए सीवन के प्रगतिशील आलू उत्पादक व आलू बीज उत्पादक किसान मनीष मेहता मोजी ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह सैनी तथा अमेरिका से आए कृषि विशेषज्ञ डॉ. जॉन क्रूज ने किसानों को आलू की आधुनिक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि अमेरिका के विशेषज्ञ डॉ. जॉन क्रूज ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धति के साथ आलू की खेती करने से उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार संभव है। उन्होंने किसानों को उन्नत बीज, फसल प्रबंधन, रोग नियंत्रण और आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. जॉन क्रूज ने कहा कि दुनिया के कई देशों में आलू की खेती अत्याधुनिक तकनीकों से की जा रही है और भारतीय किसान भी इन तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को खेती में वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान हरियाणा उद्यान विभाग के अधिकारी डॉ. अर्जुन सिंह सैनी ने कहा कि उद्यान विभाग किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि आलू की खेती हरियाणा के किसानों के लिए आय का बेहतर साधन बन सकती है, यदि इसे वैज्ञानिक तरीके से किया जाए।

### फसल की गुणवत्ता बढ़ाएं किसान

मनीष मेहता ने बताया कि प्रदर्शनी प्लांट को देखकर किसानों में काफी उत्साह देखने को मिला और कई किसानों ने भविष्य में इन तकनीकों को अपनाने की इच्छा जताई। इस अवसर पर डॉ. दीपा, डॉ. साक्षी, डॉ. किरण, डॉ. नीरज और डॉ. मनोज ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सलाह और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर किसान अपनी फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने किसानों को संतुलित उर्वरक के उपयोग, समय पर बुवाई और रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान मनीष मेहता, हरविंदर सैनी, अभिषेक चोपड़ा, हरविंदर संधू, चरणजीत, विक्रम राणा सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

## 10 मार्च को अमेरिका से ट्रेड डील के विरोध में निकालेंगे ट्रैक्टर मार्च: विक्रम कसाना

- भारत अमेरिका ट्रेड डील रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


कैथल। पूंडरी में ट्रेड डील का विरोध करते किसान। फोटो : हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की हल्का कार्यकारिणी पुंडरी की बैठक किसान भवन पुंडरी मे हल्का अध्यक्ष रणधीर बरसाना की अध्यक्षता मे हुई,जिसमें हल्का कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक मे युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट व जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल ने विषेश रूप से भाग लिया। बैठक का संचालन युवा जिलाध्यक्ष विक्रम दुसैण ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए,युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने कहा कि 10 मार्च को पूरे देश में तहसील स्तर पर इस ट्रेड डील के विरोध में ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध किया जाएगा। जिला कैथल मे भी पुंडरी,कैथल, गुहला,कलायत मे भी किसान ट्रैंड डील के विरोध मे ट्रैक्टर मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसको लेकर बैठक मे किसानो को ज्यादा से ज्यादा ट्रैक्टर लेकर आने की अपील की गई ओर 23 मार्च को शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहादत दिवस पर अनाज मंडी पिपली (कुरुक्षेत्र) में किसान- मजदूर जन क्रांति रैली आयोजित की जाएगी जिसमें प्रदेश एवं देश भर से किसान मजदूर व सामाजिक संगठन भाग लेंगे। इस महापंचायत में आगे के आंदोलन की रणनीति की घोषणा की जाएगी। जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील देश के किसानों और खेत मजदूरों पर सीधा हमला है।

### अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगेंगी स्वचालित सीढ़ियां

## जींद जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्वचालित सीढ़ियां व लिफ्ट लगने का काम शुरू

- यात्रियों को भारी भरकम सामान एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर ले जाने में होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे जींद जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्वचालित सीढ़ियां और लिफ्ट लगने का काम शुरू हो गया है। लगभग दो महीने पहले जींद जंक्शन पर लिफ्ट और स्वचालित सीढ़ियां लगाने का सामान पहुंचा था। इससे यात्रियों को भारी भरकम सामान एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर लेकर जाने में सुविधा होगी। अभी यात्रियों को सीढ़ियां चढ़कर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाना पड़ता है। सीढ़ियों से एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने में कई बार यात्री लेट हो जाते हैं। इससे कई बार यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है।


जींद। रेलवे जंक्शन पर पहुंचा स्वचालित सीढ़ियों का सामान। फोटो : हरिभूमि

### साढ़े तीन करोड़ रुपये का आएगा खर्च

इस पर लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये का खर्च आएगा। यह काम लगभग एक महीने में पूरा हो जाएगा। वहीं अमृत स्टेशन योजना के तहत लगभग 25 करोड़ रुपये की राशि से जींद जंक्शन का नया भवन बना है। जिसका विधित रूप से उद्घाटन होना बाकी है। नए भवन में यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सीसी टीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। वहीं भवन से बाहर निकलते ही पार्च बनाया गया है। नए भवन में यात्रियों को पार्क के साथ पार्किंग की भी सुविधा दी गई है। जहां यात्री अपना वाहन सुरक्षित खड़ा कर सकते हैं। इसके अलावा चारों फ्लेटफार्म पर शेड का निर्माण किया गया है। यहां धूप और बारिश से बचने के लिए यात्री आराम से ट्रेन का इंतजार कर सकते हैं। रेलवे जंक्शन पर यात्रियों को एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए दो फुट ओवरब्रिज बने हुए हैं।

### यात्रियों को सीढ़ियों से मिलेगा लाभ

रेलवे जंक्शन जींद अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि रेलवे जंक्शन के नए भवन का निर्माण व स्वचालित सीढ़ियों का काम गति शक्ति टीम देख रही है। हालांकि अगर स्वचालित सीढ़ियां लगने से यात्रियों को सुविधा होगी। स्वचालित सीढ़ियों के बारे में अधिक जानकारी गति शक्ति टीम के अधिकारी ही बता पाएंगे।

*हम गिनती के पांच लोग ही मेट्रो स्टेशन के बाहर सार्वजनिक वाहन का इंतज़ार कर रहे थे। लगातार बढ़ती धुंध में दृश्यता ज़ीरो के आसपास थी। वहां बिल्कुल अकेले खड़े रहने की कल्पना बहुत भयानक होती, इसीलिए लोगों की उपस्थिति से मुझे कुछ तसल्ली मिल रही थी। मगर जितने भी लोग वहां थे, उनका पुरुष होना डरा रहा था।*






कहानी

**वंदना यादव**

# मीडिल मैन

वह सर्दियों की रात थी। मोबाइल में दिख रहे समय के अनुसार वक़्त देर शाम से आगे बढ़ कर पहले पहर की रात में ढल चुका था। मैं घर पहुंचने की बेचैनी में बार-बार समय देख रही थी। पन्द्रह मिनट पहले घड़ी में दस बज गए थे। समय अब भी लगातार आगे बढ़ता जा रहा था। महानगर की रोशनियों से ज़रा दूर होते ही डरावने अंधेरे घेरने लगते हैं। उस दिन अंधेरा पूरी दहशत के साथ मेरे आस-पास फैलता हुआ महसूस हुआ। रात साढ़े दस बजे के करीब मैं अपनी नियमित दिनचर्या से तीन की घंटे की देरी से मेट्रो से उतरी। गहराते कोहरे में सब सवारियों में अकेली महिला होने के कारण मैं कुछ ज्यादा ही आत्मविश्वास दिखा रही थी।

मेरे आगे-पीछे वाले मेट्रो के किसी कोच से एक बेफिक्र सा युवा भी उतरा। हम गिनती के पांच लोग ही मेट्रो स्टेशन के बाहर सार्वजनिक वाहन का इंतज़ार कर रहे थे। लगातार बढ़ती धुंध में दृश्यता ज़ीरो के आसपास थी। उस समय मंज़र कुछ अलग तरह का था। वहां बिल्कुल अकेले खड़े रहने की कल्पना बहुत भयानक होती इसीलिए लोगों की उपस्थिति से मुझे कुछ तसल्ली मिल रही थी। मगर जितने भी लोग वहां थे, उनका पुरूष होना डरा रहा था। सर्दी पूरे चरम पर थी इसीलिए इस समय वहां कोई ऑटो नहीं था। मेट्रो स्टेशन के बाहर मौजूद सभी पांच लोगों ने एक-दो बार संशय भरी नज़रों से एक-दूसरे को देखा। इसी दौरान वह बेफिक्र सा युवा अचानक मेरे पास आ कर खड़ा हो गया। बिना कुछ बोले, वह मेरे साथ खड़ा रहा। कानों पर मोटे हैडफोन के आकार का ठंडक से बचने का इंतजाम लगाए वह कोई गीत गुनगुना रहा था। उसके गीत की धुन इससे पहले मैंने कभी नहीं सुनी थी।

सब सवारियां किसी वाहन का इंतज़ार कर रही थी कि उसी समय दूर से एक ऑटो रिक्शा की आवाज़ अपनी ओर आती सुनाई दी। कुछ ही पलों में कोहरे के बीच से एक मद्दम से जलते बल्ब को अपनी ओर आते हुए पाया। ऑटो ठीक से रुका भी नहीं था कि छः लोगों की सवारी में चार लोग हड़बड़ी के साथ चढ़े, मानो देरी होने पर सीट नहीं मिलेगी। ऑटो रिक्शा के रुकने पर जब मैं बैठने लगी, 'प्लीज सिट' उस बेफिक्र से युवा ने अपने साथ वाली सीट की ओर संकेत करते हुए कहा। पैंतालीस वर्षों से यहां रहते हुए मैं इस शहर को कुछ-कुछ समझने लगी हूं। कैंडल मार्च करने वाला यह शहर अपने आसपास की महिलाओं की सुरक्षा से बेपरवाह रहता है। उस दिन भी यही हुआ।

दो सवारियों को उतारने के बाद उसी दिशा में मेरा घर था, मगर एक प्रोढ़ उम्र वाले साथी सवार ने चालक को बाध्य कर दिया दूसरी दिशा के अपने पते पर चलने के लिए। कहने-सुनने का कोई अर्थ नहीं था, इसीलिए मैं चुप रही। इसके बावजूद मेरे चेहरे पर परेशानी फैल गई। मेरी विवशता देख उस बेफिक्र युवा की आंखों में फिक्र के बादल उमड़ आए।

'मैम, आपको एड्रस पर ड्रॉप करके घर जाएंगे।' अनायास ही उसने कहा।

'मैं अपने आप चली जाऊंगी। आप अपना एड्रेस बता दो, जिसका घर पहले आएगा, रिक्शा उधर ही पहले जाएगा।'

'मैम, आप मेरा मम्मा जैसा हैं। मैं ऐसा रात में मेरी मम्मा को अकेला नहीं छोड़ेंगे।' इस बार मैंने उसके चेहरे को गौर से देखा, वह भारतीय नहीं था।

'तुम कहां से हो?'

'म्यांमार से मैम।'

'यहां कैसे आए?'

'काम से मैम।' उसके बोलने से लगा कि वह कहना चाहता था, मेरी उम्र से अंदाज़ लगा लो, यह काम करने की उम्र है, वही करने आया हूं।

'क्या करते हो?'

'अबी काम सीख रहा हे।' सड़क पर आती-जाती स्ट्रीट लाइट की रोशनी में मैंने उसकी आंखें देखीं, छोटी-छोटी सी, मगर ज़िंदगी से लबरेज़ आंखें।

'मेरा अंकल एडमिट हे यहां के हॉस्पिटल में।' उसने बताया।

'क्या हुआ उन्हें?'

'हार्ट का प्रोब्लम हे मैम। सर्जरी करना हे। ट्रांसप्लांट करेगा दोक्तर।' भाषाई भेद के बावजूद वह सही तरह से अपनी बात समझाना सीख गया था।

'कौन से हॉस्पिटल में हैं?' उसने जो नाम बताया उससे मेरी उत्सुकता बढ़ गई।

'तुम म्यांमार से सीधे यहां कैसे पहुंचे? इंटरनेट पर सर्च किया था, इस हॉस्पिटल के बारे में या किसी ने यहां भेजा है?' मैंने फिर सवाल किया।

'यस मैम, मेरा कंट्री से सब इंडिया आते हें इलाज के लिए।'

'क्या तुम्हें मेडिकल टूरिज्म के बारे में मालूम है?'

'यस।' उसने पूरे आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया।

'तुम्हें पक्का पता है ना कि तुम्हारे अंकल को इसी इलाज़ की ज़रूरत है, कहीं दोनों देशों के लोग मिलकर तुम्हें बेवकूफ ना बना रहे हों।'

'अमारे कंट्री में पहले चेक करते हे। वो रेफर करता हे, तब इंडिया आते हे।' उसने अपनी ओर से स्थिति की तस्वीर खींची। रिक्शा इस समय भी मेरे घर की विपरीत दिशा में दौड़ रहा था।

'मैम, आप कोई जॉब करते हे?' यह पूछते हुए उसकी आवाज़ में झिझक नहीं थी।

'क्यों?' महानगरीय लोग सामने घटित हो रही घटना को नज़र अंदाज़ करने और सवाल के बदले सवाल पूछने के आदी होते हैं। अब मैं भी महानगर हो गई हूं, सो बिना जांच पड़ताल किए, कुछ भी कैसे बता देती!

'आपको पहले नहीं देका। मे इसी टाइम पर आता हे कई बार।' उसने घड़ी देखते हुए कहा।

'तुम कब से हो यहां?'

'छे महीना से।'

'सर्जरी हो गई तुम्हारे अंकल की?'

'हो गए।'

'तुम वापस कब जाओगे?' इस बार ऑटो मेरे घर की दिशा में जा रहा था।

'मेरा एक ओर अंकल का सर्जरी होने हे। ये लोग रिटर्न जा रहे हे, मैं यहीं रहेगा।'

'ये तुम्हारे अंकल हैं या तुम यही बिजनेस करते हो?' इस बार का वार, लुहार के हथौड़े वाला था।

'ये अंकल हे, पर अब में यही रहेगा और काम सीकेगा।'

'क्या काम सीखने वाले हो?' मैंने पूछा।

'मिडिल मैन! में मिडिल मैन बनेगा।' उसने पूरे यक़ीन के साथ कहा।


**शहरी संस्कृति बेदिल नहीं होती। जो अपना घर पीछे छोड़ कर अकेली महिला को उसके घर तक छोड़ने आए, उससे नंबर शेयर ना करें, यह नहीं हो सकता। मैं कुछ दिन थोड़ी सतर्क रही कि शायद वह बेवजह संदेश भेजेगा या फोन करेगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। धीरे-धीरे यह किस्सा मेरी याददाश्त में रहा, मगर जीवन से ख़त्म हो गया। कोरोना के कारण बने जटिल हालात में जीवन घरों में क़ैद हो गया था। ऐसे में एक दिन अन्तरराष्ट्रीय अनजान नंबर से मुझे व्हाट्सअप संदेश मिला।**


'यह मीडिल मैन क्या होता है?'

'देको, अमरे मीडिल मैन और आपके देश वाले मीडिल मैन ने अमको ऑप्शन दिया कि इस ट्रीटमेंट के लिए इंडिया के कौनसे हॉस्पिटल में ईलाज करवाना हें। एक्चूली बताया कि ये वाले हॉस्पिटल टीक हे, तो अम यहां आया।' उसने मुझे समझाया।

'इसमें तुम क्या सीखोगे?'

'मैम, मेरे कंट्री का मैं सब कुच जानते हे। यहां रह कर आपके देश का सीक रहा हे। थोडा टाइम में देकना मैम, में सब सीक जाएगा... खूब रूपीज़ कमाएगा मैम। बैक होम, फेमली को भेजेगा वो सारे रूपीज़।'

'कितने लोगों का इलाज़ करवाओगे तुम?'

'मैम, मरना कोन चाहते हे? सब जानते हे कि मरना हे, फिर भी मरना नही चाहते।' यह कहकर वह ठट्ठा कर हंसा और देर तक हंसता रहा।

'मैम, ओल्ड मैन भी लोन पर रूपीज़ ले कर इलाज करवाने दौड़ते हे... कहीं भी दौड़ते हे। अमारा लोग इंडिया आते हे। में लाएगा उनको इंडिया। में मिडिल मैन बनेगा।'

'मीडिल मैन क्या होते हे?' मैंने पूछा।

'मेडीकल डीलर, में वही बनेगा।' उसने कहा।

'तुम्हारी फेमिली में कौन-कौन हैं, रुपये किसे भेजोगे?'

'मेरे पेरेंट्स हे मैम। अमारा फार्मिंग का लैंड हे जेसे आपके देश में खेती ओता हे, वहां भी ओता हे।'

'बस...बस, रिक्शा रोको, यही है मेरा घर।'

'मैम, प्रोबलम नई हे तो अपना नंबर शेयर करेंगे?' उसने कहा।

शहरी संस्कृति बेदिल नहीं होती। जो अपना घर पीछे छोड़ कर अकेली महिला को उसके घर तक छोड़ने आए, उससे नंबर शेयर ना करें, यह नहीं हो सकता। मैं कुछ दिन थोड़ी सतर्क रही कि शायद वह बेवजह संदेश भेजेगा या फोन करेगा, मगर ऐसा नहीं हुआ। धीरे-धीरे यह किस्सा मेरी याददाश्त में रहा मगर जीवन से ख़त्म हो गया। कोरोना के कारण बने जटिल हालात में जीवन घरों में क़ैद हो गया था। ऐसे में एक दिन अन्तरराष्ट्रीय अनजान नंबर से मुझे व्हाट्सअप संदेश मिला।

'मैम, में कॉल कर रहा हूं, आप प्लीज फोन उठाएं।' संदेश करने वाले की तस्वीर पहचानी सी लगी, परन्तु नाम याद नहीं आ रहा था।

'हैलो मैम, मैं अली बोल रहा हे म्यांमार से।' बस इतना ही परिचय चाहिए था। मुझे सर्द रात में फ़रिश्ते सा वह युवा याद आ गया।

'हैलो अली, कहां हो आजकल?'

'मैम, मेरा मदर एक्सपायर हो गया था, तब मैं अपने घर आया था फिर यह सब हो गया, फ्लाइट बंद हो गया। अब मेरे फादर भी नहीं रहा मैम।'

'ओह, जानकर बहुत दुख हुआ बेटा।' इस बार भी बेटा संबोधन अंतर्मन से निकला था।

'मैम, जल्दी ये सब ठीक होने वाला है। फ्लाइट शुरू होते ही मे इंडिया आ जाउंगा। अब उतने पैसे की जरूरत नहीं है। यहां कोई नहीं बचा मेरा। मैम, मेरा मम्मा नहीं रहा, मे एक बार आपसे मिलना चाहता हे, आ जाऊं मैम?'

'हां, बेटा, हालात ठीक हो जाते हैं तब आना।'

बात ख़त्म हो गई थी। चिपचिपा मौसम एकाएक बदल गया... हर ओर ठंडी हवा बहने लगी।

---

लघुकथा | डॉ. सुरेश वशिष्ठ



## पापिन

गंगा की पावन जलधार में डुबकी लगाई और ईश्वर का ध्यान किया। कुछ क्षण आंखें बंद किए उसे पुकारता रहा। डुबकी फिर लगाई। एक नहीं...कई डुबकियां एक साथ लगाई। फिर घाट की पौड़ी पर पांव रखा ही था कि सामने कावेरी को देख दंग रह गया।

वह शायद अपने पाप धोने आई थी। अंतस् में विचार जागने लगा।

मुझे देख ठगी-सी खड़ी रह गई वह और आंखों से अश्रुधारा फूट पड़ी। फिर मेरी आंखों में झांकती हुई धीरे से आगे बढ़ी और पैरों में गिरकर बिलख पड़ी। मैं अचेत-सा उसे देखता रहा।

चेतना जागी तो कह बैठा- 'मुझे छोड़कर गई, सहन हुआ। पर तुमने तो ममत्व का भी गला घोंट दिया। अपने ही दुधमुंहे बच्चे को छोड़कर चली गई ?'

'मैं आप दोनों की अपराधी हूं, पापिन हूं।' नजरें कभी उठती, कभी गिरती रही।

'जिसके लिए हमें छोड़कर गई थी, वह साथ नहीं है क्या? उसे तो तुम्हारे साथ होना चाहिए था?'

'नहीं...।' और रुदन काँपने लगा।

'नहीं क्यों..?'

'उसे मेरी देह चाहिए थी, मैं नहीं।...देह मिली तो वह चला गया।' बहती अश्रुधार से उसकी आंखें मिच-मिचाने लगी थीं।

गजल | सत्यप्रकाश बलेवा



## मानवता लाचार है

शक्तियों का हो रहा प्रचण्ड रोज प्रहार है,
हर तरफ चीख-पुकार और हाहाकार है।
थर्रा उठे शहर-महल वहां रातों-रात में,
शक्तियों के युद्ध में मानवता लाचार है।
शांति के दूत बने खाते हैं नित मौत को,
जगह-जगह लगा हुआ गोलों का अंबार है।
धधक रहा आसमान मौत की बारिश बने,
सनक शासक की उठे मार-अत्याचार है।
चारों तरफ हो रहा मौत का तांडव जहां,
मानव की बेबसी पर रो रहा संसार है।
भागती जिन्दगियां लील लेगा अब कभी,
क्रूर शासक कर रहे मौत का व्यापार है।
स्वार्थ अपने सिद्ध कर दादागिरी का सार है,
विश्व की संस्थाएं मौन-चुप लाचार है।

कविता | नवीन फरमाणियां



## सरकार के आगे

*सभी हैं मौन, सरकार के आगे*
*फिर बोले कौन, सरकार के आगे...*
*हो गया कानून अंधा, नहीं दिखता चेहरा*
*बन बैठा लोकतंत्र बहरा, सरकार के आगे ...*
*हो गए कैद क़फ़स में हम*
*अधिकार जो मांगे, सरकार के आगे...*
*महंगाई ने कर रखा गरीबों का हाल बेहाल*
*कौन करे सवाल, सरकार के आगे...*
*डंडों से देंगे मार, जाएंगे गैस के गोले दागे*
*जो मांगे रोजगार, सरकार के आगे...*
*राम राज्य में सुरक्षित नहीं, सीता जो*
*कौन दिलाएं न्याय रेप पीड़िता को, सरकार के आगे...*
*अमीर होता तो न्याय मिल जाता*
*गरीब खड़ा हाथ जोड़, सरकार के आगे...*
*कलम पर भी बरसा प्रकोप बनकर काल*
*नवीन तेरी क्या मजाल, सरकार के आगे ।*

---

# जिंदा लोगों का मोहल्ला


*जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता की उद्घोषणा के बाद मोहल्ले में जैसे स्वयं को जिंदा साबित करने की निवासियों में होड़ -सी लग गई। जिंदा होने के सबूत जुटाए जाने लगे। गवाहों की सूची बनाई जाने लगी। दिन-रात लोग सांस ले लेकर देखने लगे। दूसरे मोहल्ले के लोगों के पास जाकर पूछने लगे कि क्या उन्हें वे जिंदा दिखाई दे रहे हैं?*






व्यंग्य

**सुनील साहिल**

आज मोहल्ले के निवासियों की सभा हुई जिसमें तय हुआ कि मोहल्ले के जिंदा लोगों को चिन्हित किया जाएगा, लेकिन साथ ही यह आशंका भी जाहिर की गई कि जिंदा लोगों की पहचान कैसे की जाए?

मोहल्ले के सबसे बुद्धिजीवी व्यक्ति ने एक सर्वश्रेष्ठ सुझाव दिया कि सबसे पहले यह देखा जाएगा कि जिंदा आदमी सांस ले रहा है। साथ में जिंदा आदमी की पहचान यह भी तय की जाए कि वह जमीन पर चलता हो और यदि जिंदा आदमी देख भी सकता है तो यह उसकी अतिरिक्त योग्यता होगी। एक मरे हुए जिंदा आदमी ने कहा कि मोहल्ला स्तर की 'जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता' का आयोजन हो और समारोह स्थल स्थानीय कब्रिस्तान का बाग हो क्योंकि वहां ऑडियंस के रूप में मुर्दे तो पहले से ही मौजूद हैं। इसके लिए आनन-फानन में एक समिति का गठन किया गया। सुझाव क्योंकि एक मरे हुए जिंदा आदमी ने दिया था तो सब निवासियों ने गाल बजाकर इसका स्वागत किया। जिंदा आदमी खोज प्रतियोगिता की उद्घोषणा के बाद मोहल्ले में जैसे स्वयं को जिंदा साबित करने की निवासियों में होड़ सी लग गई। जिंदा होने के सबूत जुटाए जाने लगे। गवाहों की सूची बनाई जाने लगी। दिन-रात लोग सांस ले लेकर देखने लगे। दूसरे मोहल्ले के लोगों के पास जाकर पूछने लगे कि क्या उन्हें वे जिंदा दिखाई दे रहे हैं?

कुछ अतिरिक्त चतुर युवा प्रतियोगी 'जिंदगी जिंदादिली का नाम है मुरदे क्या खाक जिया करते हैं' जैसी कविताएं रटने लगे। लड़कियां 'जिंदा हूं मैं' जैसे सिनेमाई नगमे याद करने लगी। मानों मोहल्ला फिर से जी उठा। चारों तरफ जिंदगी का माहौल था। आखिरकार प्रतियोगिता का दिन आ ही गया। मुख्य अतिथि स्थानीय नेता श्री मरे प्रसाद 'जीवित' जी थे जो कि अपने समय के महान स्वघोषित जिंदा थे। उन्हें 'जिंदा विभूषण' जैसा राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। जिंदा लोगों की इस खोज प्रतियोगिता में सबसे पहले मोहल्ले के निवासियों को भागकर दिखाना था। बिगुल बजते ही सब भागने लगे और कुछ निवासी ऐसे पीठ दिखाकर भागे कि लौटकर कर ही नहीं आए। इसका अर्थ ये निकाला गया कि वे जिंदा नहीं थे, बस अपने कंधों पर अपनी लाश ढो रहे थे और इस अवगुण के चलते वे सब प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

एकाएक मोहल्ले के साहित्यकार समवेत स्वर में चिल्लाने लगे 'हिंदी हमारी मां है, हिंदी हमारी मां है' क्योंकि उन्होंने कहीं से सुन लिया था कि जिसे निज भाषा पर अभिमान नहीं, वह पुरुष मृत समान है। जिंदा दिखने का यह उनका अनूठा प्रयास था। दूसरे राउंड में नेताजी मोहल्ले की एक औरत को पीटने लगे जिसे मोहल्ला निवासी मनोरंजन की दृष्टि से देख रहे थे। यही उनकी परीक्षा की घड़ी थी, जिसे निर्णायकों ने अपनी सूक्ष्म दृष्टि से जांचा। जिस-जिस ने ताली बजाई और उछल कूद की, उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया और जिस-जिस ने नेताजी को पकड़कर कूटा, उन्हें अलग से खड़ा कर दिया गया। वे सेमी फाइनल में प्रवेश कर चुके थे। इससे अगले राउंड में प्रतिभागियों को नेताजी की महिमा में चार पंक्तियां लिखनी थी। जिस-जिस ने भी लिख दी, वे भी प्रतियोगिता से बाहर कर दिए गए। चापलूसी, चाटुकारिता और चमचागिरी जिंदा आदमी के लिए विष के समान समझी गई। मोहल्ला अभी भी आशावादी था कि उनके बीच कुछ जिंदा लोग तो जरूर पाए जाएंगे। सो प्रतियोगिता जारी रही- लोगों का चलना देखा गया, उनका सांस लेना देखा गया, उनका पानी पीना, उनका हंसना-रोना देखा गया, लेकिन मोहल्ले को फिर भी एक संपूर्ण जिंदा आदमी नहीं मिला। जो मुर्दनी उस मोहल्ले में सदियों से थी, वह और छा गई। रुदालियां रोने की तैयारियां करने लगी। शहनाई वादक को खबर कर दी गई। सारा मोहल्ला निराशा से आसमान को ताक रहा था कि तभी एक बच्चे ने आकर बताया कि कब्रिस्तान के एक कोने में एक आदमी बैठा हुआ मिला है जिसके ललाट से खून निकल रहा है। आदमी से खून निकलता मोहल्ले ने पहली बार सुना था। कौतूहलवश पूरा मोहल्ला उस आदमी के इर्द-गिर्द जमा हो गया। आदमी में रक्त हो इसके साक्षी मोहल्ले वाले पहली बार हुए। आपसी विमर्श के बाद उस आदमी को पहला जिंदा आदमी घोषित कर दिया गया। मोहल्ला इतना खुश था कि सब निवासी उस आदमी का थोड़ा-थोड़ा खून निचोड़ कर अपने शरीर पर मलने लगे और जिंदा आदमी मिलने की खुशी में नाचने-गाने लगे। यह खूनी उत्सव पूरी रात चलता रहा। सुबह हुई तो देखा कि वह एकमात्र जिंदा आदमी भी मर चुका था।


**सारा मोहल्ला निराशा से आसमान को ताक रहा था कि तभी एक बच्चे ने आकर बताया कि कब्रिस्तान के एक कोने में एक आदमी बैठा हुआ मिला है जिसके ललाट से खून निकल रहा है। आदमी से खून निकलता मोहल्ले ने पहली बार सुना था। कौतूहलवश पूरा मोहल्ला उस आदमी के इर्द-गिर्द जमा हो गया। आदमी में रक्त हो इसके साक्षी मोहल्ले वाले पहली बार हुए। आपसी विमर्श के बाद उस आदमी को पहला जिंदा आदमी घोषित कर दिया गया। मोहल्ला इतना खुश था कि सब निवासी उस आदमी का थोड़ा-थोड़ा खून निचोड़ कर अपने शरीर पर मलने लगे और जिंदा आदमी मिलने की खुशी में नाचने-गाने लगे।**


---

# संवेदनाओं का पारदर्शी दर्पण है काव्य संग्रह 'अभिव्यक्ति'






**पुस्तक : अभिव्यक्ति**
**कवयित्री : डॉ. पूनम भारद्वाज**
**मूल्य : 240 रुपये**
**प्रकाशक : अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली**

पुस्तक समीक्षा | **डॉ. विजेन्द्र कुमार**

साहित्य की अविरल धारा में कविता वह दर्पण है, जिसमें समाज अपनी संवेदनाओं, संघर्षों और स्वप्नों का चेहरा देखता है। आधुनिक हिंदी साहित्य के परिदृश्य में डॉ. पूनम भारद्वाज का काव्य-संग्रह 'अभिव्यक्ति' एक ऐसी ही सशक्त उपस्थिति है, जो अपनी वैचारिक गहराई और भावपूर्ण प्रस्तुति से पाठक के हृदय पर अमिट छाप छोड़ने में समर्थ है। यह कृति केवल शब्दों का विन्यास नहीं, बल्कि एक स्त्री के अंतर्मन की गूंज, सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना का एक गंभीर प्रयास है।

डॉ. भारद्वाज की कविताएं जीवन के उस यथार्थ से रूबरू कराती हैं, जिसे हम अकसर अपनी भागदौड़ भरी ज़िंदगी में अनदेखा कर देते हैं। उनकी शैली में जहां एक ओर कोमलता है, वहीं दूसरी ओर ज्वलंत मुद्दों पर एक निर्भीक स्पष्टता भी दिखाई देती है। इस संग्रह की सबसे बड़ी विशेषता इसकी बहुआयामी प्रकृति है। कवयित्री ने प्रेम, प्रकृति, आध्यात्मिकता और स्त्री-विमर्श जैसे विषयों को बहुत ही सूक्ष्मता से अपनी लेखनी में पिरोया है। उनकी कविताओं में एक प्रवाह है, जो पाठक को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। 'अभिव्यक्ति' की पंक्तियों में छिपी गहरी दार्शनिकता पाठक को आत्मचिंतन के लिए विवश करती है। संग्रह का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष स्त्री-चेतना और उसकी अस्मिता का प्रश्न है। कवयित्री ने अपनी कविताओं के माध्यम से स्त्री के अंतर्द्वंद्व और उसकी शक्ति को बहुत ही प्रभावी ढंग से मुखर किया है। वे स्त्री को केवल त्याग की मूर्ति के रूप में ही नहीं, बल्कि एक स्वाभिमानी और स्वतंत्र चेतना के रूप में प्रतिष्ठित करती हैं। आध्यात्मिक स्तर पर भी यह संग्रह काफी समृद्ध है। भक्ति और आस्था उनके काव्य में अंधविश्वास के रूप में नहीं, बल्कि एक आंतरिक शक्ति के रूप में प्रवाहित होती है। वे ईश्वर को मंदिर या मस्जिदों के बजाय मनुष्य के भीतर और उसकी सेवा में खोजने का संदेश देती हैं। उनकी आध्यात्मिक चेतना लोक-कल्याण की भावना से ओत-प्रोत है।

काव्य-शिल्प की दृष्टि से देखें तो 'अभिव्यक्ति' की भाषा सरल, सहज और प्रवाहमयी है। क्लिष्ट शब्दों के बजाय उन्होंने ऐसे शब्दों का चयन किया है जो सीधे पाठक के संवाद स्थापित करते हैं। उपमाओं और प्रतीकों का प्रयोग बहुत ही सटीक और प्रभावशाली ढंग से किया गया है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि डॉ. पूनम भारद्वाज ने इस संग्रह के माध्यम से हिंदी कविता की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाया है। 'अभिव्यक्ति' नाम सार्थक सिद्ध होता है क्योंकि यह केवल कवयित्री की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की आवाज बन जाती है जो जीवन को गहराई से महसूस करता है। इस संग्रह की एक और कविता की ये पंक्तियां मन को गहराई तक छू जाती हैं :

*'रिश्तों की डोर बड़ी कच्ची है,पर*
*विश्वास की नींव अगर सच्ची है,*
*तो तूफानों में भी दीये जलेंगे, क्योंकि*
*नियत हमारी अच्छी है।'*

अंततः, डॉ. पूनम भारद्वाज का यह काव्य-संग्रह 'अभिव्यक्ति' हिंदी साहित्य की एक अनमोल निधि है। यह पुस्तक उन सभी के लिए पठनीय है जो कविता में सत्य, शिव और सुंदर की खोज करते हैं। यह संग्रह हमें यह विश्वास दिलाता है कि जब तक शब्द जीवित हैं और कवियों की लेखनी सक्रिय है, तब तक मानवीय संवेदनाओं का दीप प्रज्ज्वलित रहेगा। डॉ. भारद्वाज की यह कृति न केवल उनके काव्य-कौशल का प्रमाण है, बल्कि उनके संवेदनशील व्यक्तित्व का प्रतिबिंब भी है। यह काव्य-यात्रा पाठकों के मन में एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करती है, जो साहित्य की वास्तविक सार्थकता है।

खबर संक्षेप

## सीटू नेताओं ने की पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात

**जींद।** सीटू के प्रतिनिधिमंडल ने सफीदों में गत दिवस हुई आगजनी की घटना के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और फैक्टरी का जायजा लिया गया। प्रतिनिधिमंडल में सीटू के राज्य महासचिव जयभगवान, सीटू जिला सचिव संदीप जाजवान, जिला सहसचिव राधेश्याम, सीपीएम जिला सचिव कपूर सिंह शामिल रहे। उन्होंने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि फैक्टरी में सभी श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। न सेफ्टी किट, न ही दुर्घटनाओं से बचने के उपकरण उपलब्ध थे। जब आसपास के लोगों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक दम से आग भड़क गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक घंटे लेट आई। न ही लोकल प्रशासन ने कोई सुध ली गई। उन्होंने सरकार ओर प्रशासन से मांग की गई कि मृतकों के परिवार को 50 लाख मुआवजा और परिवार से एक सदस्य को नौकरी दी जाए और घायलों को 10 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए।

## पिछड़ा वर्ग की अनदेखी को लेकर हुई पंचायत

**जींद।** हरियाणा के दिल कहे जाने वाले जींद में रविवार को पिछड़ा वर्ग समाज के युवा और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने कुम्हार धर्मशाला में पंचायत का आयोजन किया। इस पंचायत का मुख्य केंद्र हरियाणा लोक सेवा आयोग की हालिया भर्तियों में पिछड़ा वर्ग के साथ हुई अनदेखी और आरक्षण के नियमों के साथ हो रही छेड़छाड़ रहा। पंचायत में वक्ताओं ने सीधा आरोप लगाया कि प्रदेश की वर्तमान सरकार और एचपीएससी मिलकर बैकवर्ड क्लास के संवैधानिक अधिकारों का गला घोंट रहे हैं। आरोप है कि भर्ती परीक्षाओं में जानबूझ कर ऐसी शर्तें थौंपी जा रही हैं, जिससे ओबीसी वर्ग के योग्य अभ्यर्थी मेरिट से बाहर हो जाएं। पंचायत में डा. नवीन सैनी ने कहा कि यह केवल नौकरियों का सवाल नही बल्कि कैटेगरी सर्टिफिकेट का बहाना बना कर हमारे आरक्षण की हत्या है, जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## भारत तिब्बत समन्वय संघ के प्रदेश महामंत्री बने गर्ग

**नरवाना।** राजीव गर्ग को भारत तिब्बत समन्वय संघ के हरियाणा प्रदेश का महामंत्री बनाया गया है। यह नियुक्ति केंद्रीय संरक्षक पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी केंद्रीय संयोजक हेमेंद्र तोमर राष्ट्रीय महामंत्री राजो मालवीय विनियुक्ति समिति द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य कार्य भगवान भोलेनाथ के पवित्र स्थान कैलाश मानसरोवर को चीन से मुक्त करवाना है। उनके स्वप्न को पूरा करने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांच परिवर्तन व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन के पांच लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु संगठन पूरे राष्ट्र में लगा हुआ है।

## रंजिशन हमला करने पर चार नामजद

**जींद।** गांव दुर्जनपुर में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दुर्जनपुर निवासी कर्मपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही रामनिवास परिवार से कहासुनी हो गई। जिस पर रामनिवास परिवार ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने कर्मपाल की शिकायत पर रामनिवास, सुनील, अनिल तथा नरेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## संदिग्ध हालात में युवती गायब, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत छह मार्च को उसकी बहन घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बहन का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मानवता की सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची पूजा

# आरकेएसडी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर लगाया हेल्थ कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल




कैथल। सांसद नवीन जिंदल कर स्वागत करते मुनीष कठवाड तथा सांसद नवीन जिंदल मेडिकल टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए उपयोगी होते हैं। इससे लोगों को अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी मिलती है और समय पर इलाज संभव हो पाता है। कैथल में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप आयोजित करना का यही उद्देश्य है कि समाज स्वस्थ और स्वच्छ हो। हम सबको मिलकर मंदिर रूपी शरीर को स्वस्थ रखना है। मानवता की सेवा करना ही ईश्वर की पूजा करना है। समाज सेवा के कार्य में आगे बढ़चढ़ कर अपनी भागीदारी करें।

सांसद नवीन जिंदल रविवार को आरकेएसडी कॉलेज परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मेगा हेल्थ कैंप के दौरान उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले सांसद नवीन जिंदल ने मेगा हेल्थ कैंप का निरीक्षण किया और उपलब्ध करवाई गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वयं भी अपना स्वास्थ्य चेकअप करवाया। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में केंद्र की सरकार व हरियाणा सरकार भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों के कल्याणार्थ अनेक योजनाएं बनाई है, जिसका लाभ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त में इलाज का प्रावधान सरकार द्वारा किया गया है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। समाज की सेवा के दृष्टिगत ही जिला कैथल के लिए एक मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों के स्वास्थ्य सही करना है। शिविर में लोगों का चैकअप करवाने के लिए काफी उत्साह नजर आया है। यह बहुत जरूरी भी है। क्योंकि सामान्य तौर पर अस्पताल बहुत हैं, परंतु हम स्वास्थ्य चैकअप करवाने में काफी आलस्य और संकोच करते हैं। शिविर के होने से व्यक्ति अपना स्वास्थ्य चैकअप करवा ही लेता है। महिलाओं को लगता है कि वह स्वस्थ हैं, लेकिन शिविर में चैकअप के दौरान पता चलता है कि उनमें हीमोग्लोबिन की कितनी कमी है। आमतौर पर 20 से 25 प्रतिशत महिलाओं को एनीमिया पाया जाता है यानि की खून की कमी। इसमें महिलाओं को पौष्टिक आहार जरूर लेना चाहिए। यही नहीं उच्च रक्तचाप, आंखों का टैस्ट, शुगर आदि के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। पहले चैकअप करवाने से व्यक्ति को अपनी शरीर का कमी का पता चलता है और समय पर इलाज करवा लेता है।

### इन बीमारियों की जांच कर दी दवाई

*इस मेगा हेल्थ कैंप में सामान्य चिकित्सा, सामान्य शल्य चिकित्सा, बाल रोग, मनोरोग, टी.बी. एवं छाती रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, एनीमिया जांच त्वचा एवं यौन रोग, फिजियोथैरेपी, डायटिशियन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, कान-नाक-गला से संबंधित सभी प्रकार की जांच, परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई गई। अग्रोहा मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई। उन्होंने शिविर में सभी डॉक्टरों व टीम सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त भी किया और प्रचार-प्रसार में मीडिया की अहम भूमिका रही। जिनके माध्यम से जिला के नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाया। इस मौके पर विधायक सतपाल जांबा, डीसी अपराजिता, बीजेपी जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़, जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, नगर पालिका चीका की चेयरपर्सन रेखा, डीपी वत्स, कमलजीत कौर, सुशील पांचाल, सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय से कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह, कैथल प्रभारी रविंद्र धीमान, संदीप ढुल, राजेश ढांडा, नसीब, जयभगवान, प्रदीप, कृष्ण बंसल, कर्मबीर, जसबीर आदि मौजूद रहे।*

# यूपीएससी में चयनित स्वाति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭नरवाना



हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि नरवाना प्रतिभा और खोज की धरती है। यहां के छात्रों ने हमेशा यूपीएससी तथा एचपीएससी जैसी परीक्षाओं में सफलता का लोहा मनवाया है। स्वाति आर्य इस विलक्षण शैक्षणिक योग्यता का एक और संजीव उदाहरण है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने यह विचार नरवाना के हरि नगर स्थित दिलबाग शास्त्री के मकान पर व्यक्त किए। गौरतलब है कि दिलबाग शास्त्री की होनहार सुपुत्री स्वाति आर्य ने हाल ही में आए यूपीएससी परीक्षा परिणाम में सिविल सर्विस का 366 वां रैंक हासिल किया है। कैबिनेट मंत्री शनिवार को दिलबाग शास्त्री के मकान पर पहुंचे और स्वाति आर्य को गुलदस्ता भेंट कर आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल प्रशासनिक भविष्य की कामना की।

## साइकिल पर जा रहे व्यक्ति से छीना मोबाइल

**कैथल।** शहर के जींद रोड स्थित एमएसजी कैंटीन के पास बाइक सवार 3 युवकों ने एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जनकपुरी कॉलोनी निवासी कपिल ने बताया कि वह चिनाई मिस्त्री का काम करता है। 7 मार्च की रात करीब 9 बजे वह काम खत्म कर साइकिल से घर लौट रहा था। जब वह जींद रोड स्थित एमएसजी कैंटीन के सामने धर्मकांटा के पास पहुंचा तो उसके दोस्त का फोन आ गया। वह साइकिल रोककर फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान पीछे से एक बाइक पर सवार तीन युवक आए और उनमें से एक युवक ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद तीनों युवक बाइक पर सवार होकर देवीगढ़ गांव की तरफ फरार हो गए। घटना के बाद कपिल घर पहुंचा और अपने भाई पंकज को पूरी बात बताई। इसके बाद उसके भाई ने मौके पर पहुंचकर डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। उसके फोन की कीमत 11 हजार रुपए है। मामले के जांच अधिकारी एएसआई रामफल ने बताया कि मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाविप ने 5 कन्याओं का करवाया सामूहिक विवाह

**सीवन।** भारत विकास परिषद शाखा सीवन की ओर से बाबा नारायण दास सत्संग भवन में पांच जरूरतमंद परिवारों की पांच कन्याओं का सामूहिक सरल विवाह समारोह सादगी और सामाजिक सौहार्द के वातावरण में संपन्न कराया गया।



समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नवविवाहित वर-वधू को आशीर्वाद दिया। यह जानकारी देते हुए शाखा के अध्यक्ष अशोक गोयल, वरिष्ठ सदस्य संगीत बंसल, अधिवक्ता सुरेंद्र सरदाना, धर्मेंद्र बवेजा तथा अधिवक्ता रमेश राणा ने बताया कि शाखा की ओर से यह नौवां सामूहिक सरल विवाह समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सभी विवाह पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाए गए। समारोह के दौरान परिषद की ओर से कन्याओं को घरेलू उपयोग का आवश्यक सामान भी भेंट किया गया, जिसमें बिस्तर, बर्तन, अलमारी, पंखे तथा अन्य जरूरत का सामान शामिल था, ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत सम्मानपूर्वक कर सकें।

# भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा दल : बेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

पं. दीन दयाल महाप्रशिक्षण शिविर के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। चाणक्य इंटरेशनल स्कूल कसूहन में पहुंचे। यहां कसूहन, उचाना मंडल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ। दो दिनों से निरंतर भाजपा के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता पहुंच कर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर रहे है।

पत्रकार वार्ता में कृष्ण बेदी ने कहा कि भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीति दल है। ये मौखिक तौर पर नहीं बल्कि आंकड़ों के आधार पर बोल रहा हूँ। पूरी दुनिया में इतना बड़ा राजनीति दल जिसके अंदर हर वर्ग हर जाति का व्यक्ति समायोजित होता है। जो नए लोग पार्टी में आते है उन्हें पार्टी की नीति, विचारधारा, सोच से किस प्रकार से जुड़े उसको लेकर समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते है। पूरे देश के अंदर दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाप्रशिक्षण शिविर अभियान चल रहा है। भाजपा के इतिहास, विकास के बारे में बताया गया। प्रदेश में 377 मंडल है कार्यक्रम आयोजित होने है। 14 अप्रैल से पहले प्रदेश के सभी मंडलों का महा प्रशिक्षण अभियान पूरा हो जाएगा। इस प्रशिक्षण के बाद शक्ति केंद्र, बूथ इकाई पर ये कार्यक्रम आयोजित होंगे। कृष्ण बेदी ने कहा कि विपक्ष के पास नीरस, निराशजनक बजट, कर्जा उतारने के लिए बजट है ये बातें होती है।

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे योजनाएं: जांबा

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी



पुण्डरी स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत पुण्डरी मंडल के दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग में विधायक सतपाल जाम्बा ने सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और उनका एकात्म मानववाद का सिद्धांत भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली का आधार है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहा करते थे कि समाज की अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक विकास और सरकार की हर योजना का लाभ पहुँचना चाहिए। इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भाजपा संगठन निरंतर सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने का कार्य कर रही है।

## हैफेड गोदाम हटाओ संघर्ष समिति का गठन किया

**गुहला चीका।** रिहायसी क्षेत्र के बीचों बीच आ चुके चीका के हैफेड ओल्ड कांप्लेक्श को शहर से बाहर स्थानंतरित करवाने को लेकर हुड्डा सेक्टर 4, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी व इंडस्ट्रियल एरिया के निवासियों की एक सांझी बैठक इंडस्ट्रियल एरिया के पार्क में बुलाई गई।



बैठक की अध्यक्षता वार्ड नंबर 16 के पार्षद तरसेम गोयल व रिटायर्ड प्राध्यापक अर्जुन ढिल्लो ने संयुक्त रूप से की। बैठक का संबोधित करते हुए पार्षद तरसेम गोयल व अर्जुन ढिल्लो ने बताया कि लगभग 79 साल पहले जब यहां पर हैफेड ने राइस मिल लगाया था लेकिन समय के साथ विभाग ने राइस मिल बंद कर दिया। इस स्थान को गोदाम के रूप में इस्तेमाल करने लगा। उन्होंने बताया कि इस स्थान पर जब राइस मिल लगाया गया था तब यह सुनसान क्षेत्र था लेकिन समय के साथ साथ इस गोदाम के चारों तरफ सरकार ने हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, हुड्डा सेक्टर 4 व इंडस्ट्रियल एरिया काट दिए गए।

पंचायत

### महिलाए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें : ऊषा

# महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में अधिकार जागरूकता व आत्मनिर्भरता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत और पहला कदम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से आई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना और समाज में महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला महिला अध्यक्ष उषा गुप्ता रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिला किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, राजनीति, व्यापार, विज्ञान या सामाजिक कार्य हो महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत से देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है।

### महिलाओं के विकास के लिए चल रही योजनाएं

कार्यक्रम में पहला कदम फाउंडेशन की प्रतिनिधि अर्चना शर्मा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई योजनाएं चला रहा है। इनमें लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना, बेरोजगार महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना, सिलाई केंद्रों की स्थापना, लघु उद्योगों के प्रति प्रशिक्षण और मार्गदर्शन देना शामिल है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में स मानजनक स्थान दिलाना है। अर्चना शर्मा ने यह भी बताया कि फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के लिए सेल्फ डिफेंस (आत्मरक्षा) प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं ताकि महिलाएं किसी भी परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नही बल्कि एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन पर पहला कदम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है, वहीं देवता निवास करते हैं, और यह केवल कहने की बात नही बल्कि इसे व्यवहार में लाना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के बिना कोई भी राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। कार्यक्रम के दौरान कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। जिनमें महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उपस्थित महिलाओं को सम्मानित भी किया गया और उन्हें समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

खबर संक्षेप



## स्वाति श्योकंद ने बांगर का नाम किया रोशन

**उचाना।** यूपीएससी में 366वां रैंक प्राप्त करने वाली सुदकैन कलां की बेटी स्वाति श्योकंद पुत्री दिलबाग श्योकंद को उसके नरवाना स्थित निवास पर जाकर डूमरखा कलां के सरपंच राहुल गोल्डी द्वारा सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र प्रधान कृष्ण श्योकंद ने भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कृष्ण श्योकंद ने कहा कि स्वाति श्योकंद ने बांगर का नाम रोशन किया है। बेटी ने साबित किया है कि बेटे की तरह बेटी भी गांव, माता-पिता का नाम रोशन कर सकती है। बेटियों को भी शिक्षा के लिए निरंतर अभिभावक प्रोत्साहित करें। बेटी आज किसी क्षेत्र के पीछे नहीं है। शिक्षा, खेलों में बेटियां निरंतर नाम रोशन कर रही है। सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां प्रधान रणधीर श्योकंद, ब्राह्मण चौबीसी प्रधान अनिल श्योकंद, दलबीर श्योकंद, रमेश नंबरदार सहित विभिन्न गणमान्य लोगों ने भी इस उपलब्धि पर स्वाति श्योकंद को बधाई दी।

## भाजपा ने दी बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी : अत्री

**उचाना।** मा. संदीप अत्री उचाना कलां ने कहा कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में निरंतर उचाना विकास के पथ पर अग्रसर है। बिना भेदभाव के विकास कार्य उचाना हलके में हो रहे है। बिना पर्ची बिना खर्ची रोजगार भाजपा ने देने का काम किया है। मेरे खुद की पत्नी मेरिट के आधार पर बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरी लगी है। भाजपा के राज में पढ़ाई करके आज गरीब परिवार के बेटे, बेटी नौकरी लग रहे है। ये तब संभव हुआ जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। आज युवा इस बात को जानता है कि कोई पार्टी अगर बिना पर्ची बिना खर्ची मेरिट पर नौकरी दे सकती है तो वो भाजपा पार्टी है। उचाना से विधायक बने है देवेंद्र चतरभुज अत्री उन्होंने उचाना में राजनीति के मायनों को बदल दिया है। किसान परिवार के बेटे से मिलने के लिए लोग को इंतजार नहीं करना पड़ता है। खुद विधायक ही सप्ताह में पांच दिन लोगों के बीच खुद आ जाते है।

## महाविद्यालय में एनएसएस शिविर आयोजित

**जींद।** सरला मेमोरियल गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज सफीदों में एनएसएस ईकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन कॉलेज एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सीमा देवी की अगुवाई में किया गया। शिविर में एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा बढ़चढ़ कर गतिविधियों में भाग लिया गया। एक दिवसीय शिविर की शुरुआत सुबह की प्रार्थना और एनएसएस लक्ष्य गीत के सामूहिक गान से हुई। कहानी प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेविकाओं ने अपनी कलाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त महिला दिवस के मौके पर नारी सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान, सुनने की कला विषय पर अभ्यास सत्र तथा व्यक्तित्व विकास विषय पर व्याख्यान हुआ।



## कमलेश ढांडा ने नवविवाहितों को दी शुभकामनाएं

**राजौंद।** गांव कोटड़ा में युवा भाजपा नेता मनोज चहल के घर आयोजित शादी समारोह में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा व उचाना कलां से विधायक देवेंद्र अत्री ने शिरकत कर नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान दोनों नेताओं ने परिवारजनों को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का ही नहीं, बल्कि दो परिवारों के मिलन का पवित्र संस्कार है, जो समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करता है।

पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि विवाह जैसे पारिवारिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं। ऐसे अवसरों पर लोगों से मिलने-जुलने और उनके सुख-दुख में सहभागी बनने का अवसर मिलता है।



## डस्टबिन का प्रयोग ही स्वच्छता का मूल मंत्र : सेव

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह जींद के महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 456 वां अभियान था। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए सभी स्वच्छता रखने देने का संदेश देने का प्रयास किया। अभियान के तहत यह समझाने का प्रयास किया कि सभी आदमी जहां कहीं भी रहें, वहां स्वच्छता रखें। हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में ही डालें। डस्टबिन का प्रयोग ही स्वच्छता का मूल मंत्र है। अक्सर देखने में आता है कि लोग गाडिय़ों से चलते हुए या बाइक पर चलते हुए कूड़ा खुले में फेंक देते हैं। जब तक हम डस्टबिन का प्रयोग नहीं करेंगे स्वच्छता किसी भी रूप में नहीं रह सकती। हर आदमी स्वच्छता में अपना योगदान दे तभी स्वच्छता संभव है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्सा है। इसलिए सभी ने कूड़ा डस्टबिन में डालने की आदत अपनानी चाहिए और वो डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। जब हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालेंगे तो हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा। हमारे समाज में बीमारियां कम होगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उज्जवल होगा। इस मौके पर सत्य मुनि वानप्रस्ती, बलबीर सिंह श्योकंद, रोहताश गुप्ता, बलबीर, बलजीत सिंह, हरबीर सिंह आदि मौजूद रहे।



## सोशल मीडिया जनसंपर्क का सबसे प्रभावी माध्यम: पिलनी

**पूंडरी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल पूंडरी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के दूसरे दिन के पहले सत्र में कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मार्केट कमेटी पाई के चेयरमैन कृष्ण शर्मा पिलनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सत्र को संबोधित करते हुए कृष्ण शर्मा पिलनी ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया जनता तक पहुंचने और संवाद स्थापित करने का सबसे प्रभावी माध्यम बन गया है। फेसबुक, व्हाट्सएप, एक्स, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे माध्यमों से सरकार की योजनाओं और संगठन की गतिविधियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। साथ ही कार्यकर्ताओं को सलाह दी गई कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय संयम और सत्यता का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी साझा करने से बचें। कार्यक्रम के अंत में मंडल पदाधिकारियों ने मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर साहित्य सभा ने आयोजित की काव्य गोष्ठी

# हे स्त्री नमन है, तेरे हर रूप को. . .

### अतिथियों की काव्य संरचना ने मोहा उपस्थित लोगों का मन, नारी के स्वरूपों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

साहित्य सभा कैथल द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आरकेएसडी कालेज कैथल के अध्यापक-कक्ष में काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य-गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्य सभा के प्रधान एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफ़ेसर अमृत लाल मदान ने की और संचालन डा. प्रद्युम्न भल्ला ने किया।जानकारी देते हुए साहित्य सभा के डा. अशोक कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस काव्य-गोष्ठी में महिला-शक्ति के रूप में पधारी प्रिया शर्मा को सम्मान-स्वरूप विशेष आसन प्रदान किया गया। नारी के विभिन्न स्वरूपों को नमन करते हुए प्रिया शर्मा ने कहा :- हे स्त्री नमन है,तेरे हर रूप को,तेरे हर स्वरूप को। श्रृंगार करना तुम अपना संस्कारों से।संघर्ष के अंगारों से। दुनिया के ढंग की चर्चा करते हुए दिनेश शर्मा दानिश ने कहा :- दुनिया का ढब दुनिया जैसा होता है। जो होता है अच्छा होता है। गृहस्थ जीवन को कठिन डगर बताते हुए यात्री गंगा ने कहा : कहे खांडे की धार गृहस्थी,पड़ता सर कटवाणा। थोड़ा सुलझे ज़्यादा उलझे,गृहस्थी वाला बाणा। सामाजिक क्रांतिकारी के रूप में नारी का वर्णन करते हुए रिसाल जांगड़ा ने कहा : तोड़ी घर के बंधन की जंजीर नारी नै।उठाई इंकलाब की शमशीर नारी नै। मुर्शिद के प्रति कृतज्ञता का भाव रखते हुए डा. प्रद्युम्न भल्ला पूरन ने कहा : सच की ख़ातिर किसी के जो काम आ गया। हर कहानी में उसका ही नाम आ गया।सच कहें अपनी औकात कुछ भी नहीं,ये करम आपका ये मुकाम आ गया। प्रोफेसर अमृत लाल मदान ने सभी को गोष्ठियों में नियमित रूप से आने और साहित्य का अलाव जलाये रखने का आह्वान किया।



कैथल। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित काव्य-गोष्ठी के दौरान उपस्थित साहित्य सभा के रचनाकार। फोटो : हरिभूमि

### वंदेमातरम स्वर्णिम भारत विषय पर हुई गोष्ठी

**नरवाना।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा महिला दिवस के अवसर पर वन्देमातरम स्वर्णिम भारत विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन ओम शांति कॉलोनी स्थित सेवा केंद्र पर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दुर्गा वाहिनी की संयोजिका अनुराधा मित्तल विशिष्ट अतिथि सुमन ढांडा एवं प्रियंका सिंगला अध्यक्षा बीके सीमा बहन बीके रेणु बीके मीना बीके पूजा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुमारी दृष्टि कैफी पावनी ने भजनों की ताल पर सभी को परमपिता की याद में झूमने को मजबूर कर दिया। ब्रह्मा कुमारी बहनों ने महिलाओं को पुरुषों के साथ मिलाकर भारत को स्वर्णिम भारत बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



राजौंद। शिव ज्योतिर्लिंगम भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

### शिव ज्योतिर्लिंगम भवन में मनाया महिला दिवस

**राजौंद।** शिव ज्योतिर्लिंगम भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों भाई-बहनों ने भाग लेकर इसका लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनीता अर्डाना मौजूद रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट मंजू राणा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी उषा दीदी रहीं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर कहा कि नारी में असीम शक्ति और संस्कार निहित हैं, जिन्हें जागृत कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

## बेटियों को प्रतिभा निखारने का दें अवसर : सुशीला शर्मा



कैथल। भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करती सुशीला शर्मा और सोहन लाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

- भाषण प्रतियोगिता में अनु रही प्रथम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में जिला स्तरीय युवती मंडल सेमिनार व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान अधीक्षक अध्यक्षता सोहनलाल कठवाड़ ने की तथा मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी की महिला जिलाध्यक्ष सुशीला शर्मा रही। उन्होंने युवतियों से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए कर्तव्यों का निर्वाह करने की सलाह देते हुऐ कहा कि यह दिन महिलाओं के अधिकारों और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। महिलाओं ने समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे घर स्कूल ऑफिस आदी हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा भेदभाव और असमानता अभी भी मौजूद है हमें इन समस्याओं का समाधान करना होगा।महिला एग्जीक्यूटिव बार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र कुमारी गुंजन ने कहा कि आइए हम सभी मिलकर महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ें और उन्हें समान अवसर प्रदान करें।

## महिला दिवस पर रोहेड़ा स्टेडियम में करवाई खेलकूद प्रतियोगिता



राजौंद। खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माई भारत कैथल द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग तथा खेल विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजीव गांधी स्टेडियम रोहेड़ा में अस्मिता लीग का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले भर की महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग 13 वर्ष तक,14 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा टीम प्रतियोगिता के रूप में कबड्डी और रस्साकशी के मुकाबले भी कराए गए, जिनमें आसपास के गांवों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अस्मिता लीग में खेल नर्सरी के खिलाड़ियों के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और महाविद्यालयों की छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई प्रतिभागियों के उत्साह और जोश ने पूरे कार्यक्रम को उत्सव का रूप दे दिया।

### महिलाओं ने पौधरोपण कर मनाया विश्व महिला दिवस

**जुलाना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जुलाना की तहसील कार्यालय परिसर में महिलाओं द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और उत्साह के साथ पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पौधों को तिलक लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का प्रतीकात्मक संदेश भी दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने शिरकत की। उन्होंनें कहा कि पेड़ व पौधे प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं और इन्हें बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं तो पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाया जा सकता है।



### महिला दिवस पर पुलिस लाइन कैथल में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन कैथल में विभिन्न खेल प्रतियोगिता करवाई गई। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में पुलिसकर्मियों के बीच चम्मच दौड़, म्यूजिकल चेयर दौड़, रस्साकशी, वॉलीबॉल व क्रिकेट के मुकाबले करवाए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। वहीं पुलिस लाइन स्थित पुलिस रिहायशी क्वार्टर्स में रहने वाली महिलाओं के लिए भी विशेष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिलाओं के बीच मटका दौड़, चम्मच दौड़ व म्यूजिकल चेयर जैसे खेल आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान एसपी उपासना स्वयं पुलिस लाइन कैथल में मौजूद रहीं और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एसपी उपासना ने कहा कि पुलिसकर्मियों की ड्यूटी काफी व्यस्त व चुनौतीपूर्ण होती है, जिसके कारण कई बार मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है। ऐसे में खेलकूद गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक होती हैं, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को अपनी व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय खेलकूद के लिए अवश्य निकालना चाहिए। खेलों से जहां शारीरिक फिटनेस बनी रहती है, वहीं टीम भावना भी मजबूत होती है और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है।

## नप ने चलाया विशेष सफाई अभियान

- एक सप्ताह तक चलाया जाएगा सफाई अभियान : डा. अनुराधा सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देशभर में महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर परिषद जींद द्वारा शहर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए हरी झंडी दिखा कर अभियान की शुरुआत की। सफाई अभियान की शुरुआत जींद शहर के पटियाला चौक से की गई। चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने सफाईकर्मियों के साथ स्वयं सड़कों पर झाड़ू लगा कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद जींद द्वारा यह विशेष सफाई अभियान आठ मार्च से 14 मार्च तक चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार द्वार चलाए जा रहे कार्यक्रम नारी लीड्स स्वच्छता के अंतर्गत किया गया है । 14 मार्च को कार्यक्रम के समापन पर स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को नगर परिषद जींद द्वारा सम्मान दिया जाएगा।




जींद। झाड़ू लगा कर अभियान की शुरूआत करते हुए डा. अनुराधा सैनी।

### स्वच्छता के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को केवल स्वच्छ वातावरण का अधिकार दिलाने तक सीमित नही है बल्कि उन्हें स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए भी सशक्त बनाते हैं। महिला दिवस के अवसर पर आयोजित यह अभियान समाज में नारी शक्ति की भागीदारी, सम्मान और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### नारी केवल परिवार की संरक्षक ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र की आधारशिला भी: ज्योति

**जींद।** माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल पिल्लूखेड़ा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने समाज में महिलाओं की महत्ता को दर्शाते हुए पोस्टर बनाए। साथ ही छात्राओं ने अपने वक्तव्य में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, नारी सशक्तिकरण व आर्य समाज ने नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में दिए ऐतिहासिक योगदान को लेकर विचार व्यक्त किए। छात्राओं को संबोधित करते हुए माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल की प्रधानाचार्य ज्योति ने कहा कि नारी केवल परिवार की संरक्षक ही नही बल्कि समाज और राष्ट्र की आधारशिला भी है। नारी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, कला, विज्ञान और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और समर्पण से देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छात्राओं को उस महान आंदोलन की याद दिलाई जिसने 19वीं सदी में नारी को उसका खोया हुआ सम्मान वापस दिलाया। उन्होंने बताया कि आर्य समाज जिसकी स्थापना 1875 में महर्षि दयानंद सरस्वती ने की थी ने नारी सशक्तिकरण को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाया और वैदिक सिद्धांतों के आधार पर महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ी।



### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नागरिक अस्पताल में लगाया रक्तदान शिविर

- हर तीन महीने में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करें : डा. मेघा

**जींद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से रविवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल में महिला रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन गॉड कॉज स्माइल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. मेघा चिल्लाना ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. मंजू उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लड सेंटर इंचार्ज डा. शिप्रा द्वारा की गई। डा. मेघा चिलाना ने रिबन काट कर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यअतिथि ने स्वयं रक्तदान कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर यहां सभी महिलाओं ने मिल कर रक्तदान किया है, जो समाज के लिए एक सराहनीय पहल है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि हर तीन महीने में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जीवनदान मिलता है वहीं रक्तदान करने वाले व्यक्ति को भी कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं।

### महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से सफल होगा जल संरक्षण आंदोलन : सुरभि

**कैथल।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन हरियाणा तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, कैथल द्वारा महिलाओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेक कैथल वाटर पॉजिटिव शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का आयोजन बीडीपीओ हॉल, जाखोली अड्डा, कैथल में किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद कैथल की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने की। मुख्य अतिथि सुरभि गर्ग ने जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है और इसमें महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर और समाज दोनों स्तरों पर जल के विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत आयोजित जल महोत्सव पखवाड़ा का उद्देश्य लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं जल प्रबंधन, जल गुणवत्ता निगरानी तथा जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन एवं रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। दीपक कुमार ने कहा कि पानी हमारा साझा है। साझी संपत्ति है।




### महिलाओं का सम्मान व सशक्तीकरण समाज के लिए अत्यंत जरूरी : सिंगला

**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जे सी आई कैथल स्टार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, जागरूकता और सम्मान को समर्पित तीन विशेष प्रोजेक्ट आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज में उनके योगदान को सम्मान देना था। सबसे पहले महिलाओं के स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए जुम्बा सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और फिट रहने का संदेश दिया। दूसरे प्रोजेक्ट के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। तीसरे प्रोजेक्ट में स्वास्थ्य सेवाओं में सराहनीय योगदान के लिए जिले की लेडी सी एम ओ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका और उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। इस अवसर पर प्रेसिडेंट, जे सी आई कैथल स्टार रजत सिंगला ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाए देते हुए कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण समाज की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में इशिका गर्ग, डिम्पल सिंगला, बबीता मित्तल, रोहित खुरानिया, रुचि गर्ग, रूही गोयल, मिनल सिंगला, निधि गोयल सहित अन्य सदस्य उपस्थिति रही।




उचाना। सफाई अभियान की शुरूआत हरी झंडी देकर करते हुए नपा उप प्रधान सुमन रानी। फोटो : हरिभूमि

### महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रसर: सुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना

- देश की तरक्की व प्रगति में महिलाओं को विशेष योगदान

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। नपा उप प्रधान सुमन रानी ने इस अभियान की शुरूआत की। सुमन रानी ने कहा कि आज किसी क्षेत्र के महिलाएं कम नहीं है। महिला पुरूष के कदम से कदम मिलाकर चल रही है। भारत की तरक्की, प्रगति में महिलाओं का अहम योगदान है। देश के पीएम, राष्ट्रपति पद तक महिला पहुंची है। अंतरिक्ष में महिला पहुंच है तो खेलों में भी महिला खिलाड़ी पदक लाकर देश का नाम रोशन कर रही है। इस मौके पर सुरेंद्र डाहोला, सफाई दरोगा जयपाल, आईसीसी राजबीर सिंह, भीष्म, राकेश मौजूद रहे।

### जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक

# प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर जनसंपर्क अभियान चलाएगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

कांग्रेस के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर की अध्यक्षता में पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हल्का व खंड स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं है। जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर, पवन दुहन और ईशाक खान भट्टी कांग्रेस कार्यालय के कार्यों के साथ-साथ जिले की सभी विधानसभा और सभी ब्लॉकों के सभी कार्यों की पर निगरानी रखेंगे। इसके अलावा एक जिला उपाध्यक्ष, एक जनरल सेक्रेटरी के साथ दो सेक्रेटरी की ड्यूटी प्रत्येक विधानसभा और प्रत्येक ब्लॉक मे लगाई गई है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आज आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं की कमी से परेशान है।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को नहीं मिल रहा फसलों का सही मूल्य

इसके साथ ही किसानों को अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहाए जिससे वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन सभी जनहित के मुद्दों को गांव-गांव और वार्ड.वार्ड तक लेकर जाएं तथा जनता की आवाज बन कर उनके हक की लड़ाई लड़ें। बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार से प्रदेश के हर वर्ग का हुआ मोह भंग: विकास

**जींद।** जननायक जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव युवा विकास सिहाग ने कहा की प्रदेश की जनता का भाजपा से मोह भंग हो चुका है। 13 मार्च को जननायक जनता पार्टी की जन चेतना रैली हांसी में रैली करने जा रही है। जिसमें भाजपा सरकार तथा कांग्रेस के तालमेल की भी पोल जनता के सामने खोली जाएगी। जजपा की यह रैली हरियाणा को नई दिशा देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की जनता का बीजेपी सरकार से मन भर गया है। जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले हर वर्ग को प्रताड़ित किया जा रहा है। कोई ऐसा वर्ग नही बचा है जो सरकार की प्रताडना का शिकार नही हुआ हो। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सत्ता मे आने से पूर्व जो वायदे दस साल पहले किए थे, उन वायदों को पूरा करना तो दूर एक भी पूरा नही किया है। भाजपा सरकार बुजुर्गों का मान-सम्मान और गरीब आदमियों के राशन कार्ड काटने काम कर रही है। गरीब आदमी मनरेगा में काम करके अपना परिवार चला रहा था, वह स्कीम भी सरकार ने बंद कर दी है। भाजपा सरकार तो केवल झूठी घोषणा करने पर लगी हुई है। प्रदेश में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी दिन रात बढ़ रहा है। किसानों को भी समय पर अपनी फसल की बिजाई के लिए खाद बीज दवाइयां तक समय पर नहीं मिल रहा है। कांग्रेस विपक्ष की सही भूमिका नही निभा रही है।



विकास सिहाग।

- 13 मार्च को जजपा जनचेतना रैली के माध्यम से दिखाएगी ताकत

### राष्ट्रीय नेटबॉल स्पर्धा 14 मार्च से : अशोक

**कैथल।** नेटबॉल एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट कैथल के अध्यक्ष अशोक सहारन ने बताया कि 38वीं जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप , चार फास्ट 5 जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप, द्वितीय मिक्सड जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप और दूसरी मिक्सड सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 24 मार्च से 2 अप्रैल तक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर स्थित श्री प्यारेजी महाराज स्पोर्ट्स एकेडमी जाउला, मुजफ्फरनगर में खेली जाएगी। इसके लिए 18 जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप, चार फास्ट 5 जूनियर हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप खेल विश्वविद्यालय राई, सोनीपत में 19 से 22 मार्च तक आयोजित की जाएगी।